डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12- 2083
भोपाल,दिन सोमवार, दिनांक 08 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

निकली धूप, तीन दिन बाद फिर सक्रिय होगा मानसून

भोपाल। मानसूनी सिस्टम कमजोर पड़ते ही सोमवार को भोपाल में 43 दिन बाद अच्छी धूप निकली। लेकिन यह ब्रेक लंबा नहीं रहेगा। बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटे में नया लो-प्रेशर एरिया बनने के संकेत हैं। इससे 9 सितंबर से प्रदेश में बारिश बढ़ सकती है। भोपाल में 10 या 11 सितंबर से अच्छी बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। मौजूदा सिस्टम कमजोर होने से भारी बारिश का दायरा सिमटा। सिर्फ दो इलाकों में ढाई इंच से ज्यादा बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र सिंह यादव के मुताबिक नया सिस्टम मजबूत होकर प्रदेश की ओर बढ़ा तो बारिश का दायरा बढ़ेगा और ज्यादातर हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। भोपाल में असर एक-दो दिन बाद दिखेगा। सिस्टम अनुकूल रहा तो राजधानी में अच्छी बारिश हो सकती है।

सीएम हेल्पलाइन .. 100 दिन पुरानी 215 शिकायतें लंबित,

भोपाल। सीएम हेल्पलाइन पर नगर निगम से जुड़ी 100 दिन से अधिक पुरानी 215 शिकायतें अब भी लंबित हैं। मंगलवार को टीएल की बैठक में इनकी समीक्षा होगी। इसके लिए तैयार विभागवार आंकड़ों में सबसे ज्यादा शिकायतें भवन अनुज्ञा शाखा की 81 हैं। यानी 100 दिन से अधिक लंबित कुल शिकायतों में करीब 42 फीसदी मामले अकेले भवन अनुज्ञा से जुड़े हैं। समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी 30, राजस्व विभाग की 20, बैंक कॉलोनी सेल की 18 और स्मार्ट सिटी की 15 शिकायतें 100 दिन से अधिक समय से लंबित हैं। इसके अलावा एनयूएलएम की 8, उद्यान की 5, होर्डिंग की 5 और स्वाई प्रशिक्षण की 4 शिकायतें भी लंबित हैं। जोनवार देखें तो गोविंदपुरा में सबसे ज्यादा 40 मामले लंबित हैं।

जांच रिपोर्ट पांच महीने तक अटकी, नगरीय विकास के संयुक्त संचालक निलंबित

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जांच रिपोर्ट समय पर नहीं देने पर ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक अमर सत्य गुप्ता को निलंबित कर दिया। एक नगर पालिका परिषद भिंड में निर्माण कार्यों के अनियमित भुगतान से हुई आर्थिक क्षति की जांच तीन महीने में पूरी करनी थी। तय अवधि के पांच महीने बाद भी रिपोर्ट नहीं दी। बार-बार स्मरण कराने के बाद 31 अगस्त को जारी कारण बताओ नोटिस का भी जवाब नहीं दिया।

सीएम दुबई में एमपी में होटल-हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करेगा यूएई, जल्द आएगा विशेष प्रतिनिधिमंडल

दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यूएई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री से मुलाकातय जीआईएस के लिए दिया न्योता

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्यप्रदेश में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को अंतरराष्ट्रीय निवेश से जोड़ने की दिशा में अहम पहल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई स्थित अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्रालय में यूएई कैबिनेट सदस्य और अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री एचई अब्दुल्ला बिन तौक अल मरी से उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं और दोनों पक्षों के बीच सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने यूएई मंत्री को मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाली आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस पर अल मरी ने होटल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को जमीन पर उतारने के लिए दुबई से एक विशेष प्रतिनिधिमंडल जल्द मध्यप्रदेश भेजने की बात कही।

माइनिंग, टेक्सटाइल और पर्यटन पर भी चर्चा

बैठक में होटल-हॉस्पिटैलिटी के अलावा माइनिंग, टेक्सटाइल, फॉरेस्ट और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी और निवेश के अवसरों पर भी मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने यूएई के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश की निवेश नीतियों की जानकारी दी।

डॉ. यादव ने राज्य में निवेश के लिए उपलब्ध सुविधाओं, पारदर्शी नीतियों, भूमि स्वामित्व नियमों और श्रम सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने विदेशी निवेशकों के लिए राज्य में उपलब्ध सुरक्षा तंत्र की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश नए निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

एविएशन कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर

बैठक में मध्यप्रदेश और यूएई के बीच विमानन संपर्क को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य की नई एविएशन पॉलिसी के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बेहतर हवाई कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर जोर दिया। अब्दुल्ला बिन तौक अल मरी, जो यूएई की जनरल सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन भी हैं, ने मध्यप्रदेश और यूएई के बीच एविएशन ऑपरेशन्स के विस्तार में सहयोग का भरोसा दिलाया। इससे पर्यटन, कार्गो और व्यापारिक आवागमन को गति मिलने की उम्मीद है।

एआईएम कांग्रेस में निवेशकों से भी संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने दुबई दौरे के दूसरे दिन दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने दुनिया भर से आए निवेशकों के साथ मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों पर संवाद किया।

राज्य सरकार की कोशिश है कि अंतरराष्ट्रीय निवेश के माध्यम से पर्यटन, होटल, एविएशन और औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार किया जाए। यूएई से विशेष प्रतिनिधिमंडल के प्रस्तावित दौरे को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिलय 10 गिरफ्तार, 30 लोगों के खिलाफ कैस

बंडा में संदिग्ध शराब से 22 मौतें, 112 अस्पताल में भर्ती

डीआर संवाददाता।। सागर

सागर जिले के बंडा क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब तक 22 लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। वहीं शराब पीने के बाद बीमार हुए 112 लोगों का सागर और भोपाल के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें 89 मरीज बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, 16 जिला अस्पताल और 7 मरीज बंडा सिविल अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। कई मरीजों की हालत गंभीर है।

पुलिस ने 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने शराब की बिक्री और सप्लाई से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई है। वहीं करीब 30 लोगों के खिलाफ दर्ज प्रकरणों की जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच भी शुरू करवाई है।

20 रुपए सस्ती शराब बेचने का दावा

बंडा थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, अनूप सिंह लोधी अपने भतीजे राजेंद्र के साथ कुंवर लोधी की दुकान पर गया था। एफआईआर में आरोप है कि वहां दुकान ने जहरीली शराब टेंकियों के माध्यम से नया और सस्ता ब्रांड बताने की बात कही। यह शराब सामान्य कीमत से करीब 20 रुपए सस्ती बताई गई।

शराब पीने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद लगातार मरीज अस्पताल पहुंचने लगे और मौतों का आंकड़ा बढ़ता गया। प्रशासन और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। शराब के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

टीईटी से एक माह पहले एजेंसी बदलने की तैयारी

भोपाल। मध्य प्रदेश के 1.5 लाख से ज्यादा शिक्षकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) तय तारीख से करीब एक महीने पहले नई एजेंसी को देने की तैयारी है। पहले कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को करानी थी। ईएसबी ऑनलाइन परीक्षा के लिए तैयार है, जबकि सरकार ने शिक्षकों की मांग पर ऑफलाइन का विकल्प भी देने की घोषणा की है। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से परीक्षा कराने पर चर्चा शुरू की है। अंतिम फैसला सीएम डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से लौटने के बाद होगा। ईएसबी का तर्क है कि उसका अनुभव और मौजूदा सेटअप ऑनलाइन परीक्षा का है।

प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में आज ओपीडी बंद, इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन जारी

एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन मंगलवार को भी जारी है। पुलिस कार्रवाई से नाराज इंटर्न डॉक्टरों ने भोपाल सहित प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को ओपीडी बंद रखने का ऐलान किया है। हालांकि इमरजेंसी सेवाओं को आंदोलन से बाहर रखा गया है। ओपीडी बंद रहने से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को नियमित उपचार और जांच सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भोपाल में इंटर्न डॉक्टर सोमवार रात से कमला पार्क की सड़क पर धरने पर बैठे हैं। मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और वॉटर कैनन के इस्तेमाल का डॉक्टर विरोध कर रहे हैं। पुलिस ने मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा बढ़ा दी है।

जूडा ने किया समर्थन

इंटर्न डॉक्टरों के आंदोलन को जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) का भी समर्थन मिला है। हमीदिया अस्पताल में मंगलवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने नियमित ओपीडी और इलेक्टिव ओटी का बहिष्कार किया। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं। जेडीए मध्यप्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट अनुराग भारती के मुताबिक कलेक्टर और सीएमई के साथ बातचीत हुई है, लेकिन इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड में तत्काल बढ़ोतरी की मांग पर कायम हैं। डॉक्टरों ने प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और जवाबदेही तय करने की मांग भी की है।

चिकित्सा संगठनों ने जताया आक्रोश

मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के प्रति एकजुटता का समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज और वॉटर कैनन का इस्तेमाल चिकित्सक समुदाय के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अखिल भारतीय चिकित्सा परिषद और एफएआईएमए इंडिया ने भी बल प्रयोग की निंदा करते हुए सरकार से बातचीत के जरिए समाधान निकालने की मांग की है।

भोपाल में एफडी तोड़कर खाते से 5.99 लाख रुपए निकाले, ओटीपी भी नहीं आया

डीआर संवाददाता।। भोपाल

ऐशबाग इलाके में 61 वर्षीय बुजुर्ग के बैंक खाते से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने इंटरनेट बैंकिंग के जरिए उनकी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) से तीन बार में कुल 5 लाख 99 हजार 9 रुपए 62 पैसे दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। खास बात यह है कि रकम ट्रांसफर होने के दौरान पीड़ित के मोबाइल पर किसी भी तरह का ओटीपी नहीं आया। शिकायत के बाद साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अशफाक कॉलोनी निवासी शफीक अहमद कुरैशी (61) का आईसीआईसीआई बैंक की अशोका गार्डन शाखा में बचत खाता है। इसी खाते से उनकी एफडी लिंक थी। 4 सितंबर को दोपहर करीब 12 से 12:30 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एफडी की रकम ट्रांसफर कर दी।

तीन ट्रांजेक्शन में निकली रकम

शिकायत के अनुसार पहली बार 1 लाख 99 हजार 384 रुपए, दूसरी बार 2 लाख 384 रुपए और तीसरी बार 2 लाख 384 रुपए ट्रांसफर किए गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्होंने किसी के साथ इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड, पिन, ओटीपी या अन्य बैंकिंग जानकारी साझा नहीं की थी।

रकम निकलने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बैंक से संपर्क किया और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

आरोपी को बचाने जमीन लेने का मामला... निलंबित सीएसपी नेहा फरार, भगोड़ा घोषित करने की मांग

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र में हत्या के आरोपी को बचाने के एवज में जमीन सौदेबाजी में घिरी निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मामले के शिकायतकर्ता आकाश सोनी ने सोमवार को कटनी न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत किया। अदालत में दाखिल आवेदन में बताया गया कि निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया, विनिज राज बाराखाने और मकसूद अहमद इनकी की अग्रिम जमानत याचिकाएं बीते 29 अगस्त को खारिज की जा चुकी हैं। वर्तमान में हाई कोर्ट में भी इनकी कोई जमानत अर्जी लंबित नहीं है और ये लगातार फरार चल रहे हैं। शिकायतकर्ता ने तीनों को भगोड़ा घोषित कर उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का अनुरोध किया है।

भाजपा विधारयक विवाद बयान

विधायक शर्मा का बयान विवादों में, थाने में शिकायत

डीआर संवाददाता।। भोपाल

करोंद में रविवार रात आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के एक बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम में हिंदू एकता, राष्ट्रवाद और आतंकवाद पर बोलते हुए विधायक ने भारत की सैन्य ताकत और सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र किया। इसी दौरान उन्होंने करोंद चौराहे से मिसाइल छोड़ने पर उसके काजी कैंप में गिरने की बात कही। भीड़ ने तालियां बजाईं तो विधायक ने स्पष्ट किया कि उनका आशय भोपाल के काजी कैंप से नहीं, बल्कि इस्लामाबाद के काजी कैंप से था।

विधायक के बयान का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस ने सरकार से कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इस तरह के बयान सामाजिक माहौल को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से विधायक के बयान पर अपना रुख स्पष्ट करने और कार्रवाई की जानकारी देने की मांग की।

वहीं, बयान के विरोध में हनुमानगंज थाने में शिकायत भी की गई है। मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयानों के बावजूद भाजपा नेताओं की ओर से इस तरह के बयान सामने आ रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- जानकारी नहीं

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि उन्हें विधायक के बयान की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि बयान का अध्ययन करने के बाद ही इस मामले में कुछ कह पाएंगे। कार्यक्रम में विधायक ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए लाहौर, ढाका और इस्लामाबाद में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से जातियों में न बंटने और एकजुट रहने की अपील की।

रैंकिंग जारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 के तहत देश के 130 शहरों की रैंकिंग जारी

स्वच्छवायु सर्वेक्षण 2026रू लखनऊ अव्वल, इंदौर दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर

डीआर संवाददाता।। भोपाल

30 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने 198 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश के शहरों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इंदौर 197 अंकों के साथ दूसरे, जबलपुर 195 अंकों के साथ तीसरे और भोपाल 192 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। भोपाल के साथ उत्तर प्रदेश का आगरा भी 192 अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहा। इस तरह टॉप-5 में मध्यप्रदेश के तीन शहर शामिल रहे।

सर्वेक्षण में शहरों की रैंकिंग केवल वायु प्रदूषण के स्तर के आधार पर नहीं की जाती। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़कों की धूल पर नियंत्रण, निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) कचरे का प्रबंधन, वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी और औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण जैसे कई मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। पीएम-10 की सांद्रता में सुधार को अतिरिक्त रैंकिंग में 25 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। शहरों का प्रारंभिक आकलन राज्य स्तरीय निगरानी समितियों द्वारा किया जाता है।

भोपाल के एक्यूआई में 6ः सुधार

राजधानी भोपाल को कुल 200 में से 192 अंक मिले हैं। एमपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नीतेश चौरसिया के अनुसार, भोपाल के एक्यूआई में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 6 प्रतिशत सुधार हुआ है। उद्योगों की मॉनिटरिंग और प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए कार्यों का असर वायु गुणवत्ता पर दिखाई दिया है। हालांकि, अपशिष्ट प्रबंधन सहित कुछ अन्य मानकों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं होने के कारण भोपाल की रैंकिंग इंदौर और जबलपुर से पीछे रही।

उज्जैन और देवास ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ओडिशा का राउरकेला पहले स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश के उज्जैन और सागर समेत अन्य शहरों ने भी रैंकिंग में स्थान बनाया। वहीं 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश का देवास टॉप-10 में शामिल रहा।

बच्चों का स्कूल छूट नेअस्थाई कर्मी ने महापौर की गाड़ी में आग लगाई... एफआईआर दर्ज

डीआर संवाददाता।। भोपाल

नगर निगम मुख्यालय में सोमवार दोपहर करीब सवा तीन बजे जोन-8 की उद्यान शाखा में पदस्थ 29 दिवसीय कर्मचारी सुनील गायकवाड़ ने महापौर मालती राय की सरकारी कार की छत पर मांगों के पर्चे रखकर आग लगा दी। लपटें उठीं तो निगम कर्मचारी रामसिंह यादव ने पर्चे नीचे गिराकर आग बुझाई। इसमें उनका हाथ झुलस गया, जबकि कार बच गई।

सुनील करीब 5-6 साल से निगम में कार्यरत है और खुद को सम्राट अशोक संगठन का अध्यक्ष बता रहा था। वह अस्पताल से सीधे निगम मुख्यालय पहुंचा था और उसके हाथ में आईवी कैनुला लगी थी। यहां उसने निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ नारेबाजी की। उसका कहना था कि उसकी रोजी-रोटी छीन ली गई और बच्चों का स्कूल छूट गया है। इसके बाद उसने पर्चों का बंडल कार पर रखकर आग लगा दी।स्थायी करने समेत 5 मांगों में 29 दिवसीय कर्मचारियों को स्थायी करने, कर्मचारी संबंधी विसंगतियां दूर करने, शासन से स्वीकृत वेतनमान देने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लागू करने और निगम कर्मचारियों से दलालों को दूर करने की मांग थी।

मामले पर महापौर मालती राय ने कहा कि सुनील इससे पहले कभी शिकायत लेकर उनके पास नहीं आया।। उपायुक्त हीरेन्द्र कुशवाहा के मुताबिक टीटी नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। निगम स्तर पर सुनील को सेवा से हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

डिजटन अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरुंदा, श्यामपुर, बुधनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 08 सितंबर 2026

टीएल में कलेक्टर बोले

सीएम हेल्पलाइन और विभागीय प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टि के साथ कर निराकरण

गरीब न रहें राशन से वंचित, कालाबाजारी करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई , कलेक्टर

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने और आम लोगों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, लोकसेवा गारंटी तथा विभागीय पत्रों से जुड़े मामलों का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए।

राशन की कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को मिलने वाले राशन की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उचित मूल्य की दुकानों का अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कालाबाजारी या राशन में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

फार्मर आईडी बनाने ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

बैठक में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी बनाने के काम में गति लाई जाए। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराया जाए।

उन्होंने कहा कि शिविरों में किसानों को फार्मर आईडी के महत्व और इसकी प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाए, ताकि पात्र किसान शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

जन विश्वास अभियान के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने या निराकरण में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

भूमि आवंटन में तेजी के निर्देश

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए, ताकि स्वीकृत निर्माण कार्य समय पर शुरू और पूरे हो सकें। वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तन और वन व्यवस्थापन से जुड़े कार्यों में भी गति लाने को कहा गया।

श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने पर जोर

प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी अमला श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर उनके पंजीयन के लिए प्रेरित करे।

बैठक में विभिन्न आयोगों और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पत्रों में उल्लेखित विषयों की जांच कर समय-सीमा में कार्रवाई करने और संबंधित आयोग व जनप्रतिनिधि को कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए।

सीहोर में 31 इंच से ज्यादा बारिश का आंकड़ा भी चर्चा में

बैठक में जिले की मौजूदा परिस्थितियों और प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। सीहोर जिले में अब तक 31 इंच से अधिक बारिश दर्ज होने के बीच अधिकारियों को विभागीय व्यवस्थाओं और बारिश से जुड़े कार्यों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

3 से 4 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर,

आष्टा में दो सूने मकानों में चोरी, 16 मिनट में तोड़े ताले

डीआर संवाददाता»आष्टा

शहर में चोरों ने रविवार रात दो सूने मकानों को निशाना बनाया। शांतिनगर और वाल्मीकि नगर में हुई चोरी की वारदातों में चोर सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। शांतिनगर में हुई चोरी में करीब 3 से 4 लाख रुपए के जेवर चोरी होने की बात सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। शांतिनगर निवासी जीवनसिंह पटेल रविवार सुबह करीब 8 बजे खेती के काम से ग्राम खड़ी हाट गए थे। रात अधिक होने के कारण वे वहीं रुक गए। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उनके भतीजे ने फोन कर घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर जीवनसिंह घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर का सामान बिखरा हुआ था।

तीन अलमारियों के लॉक तोड़े

चोरों ने घर के अंदर रखी तीन अलमारियों के लॉक भी तोड़ दिए। यहां से दो सोने की अंगूठियां, चांदी की पायजेब, सोने के झाले और बच्चे का सोने का लॉकेट चोरी किया गया। परिजनों के अनुसार चोरी गए जेवरों की कीमत करीब 3 से 4 लाख रुपए है।

वाल्मीकि नगर में भी वारदात

इसी रात वाल्मीकि नगर निवासी रोहित पिता मनोहर वाल्मीकि के सूने मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। यहां से भी सोने-चांदी के जेवर चोरी होने की जानकारी सामने आई है। दोनों वारदातों में चोरों ने उन मकानों को निशाना बनाया, जहां रात के समय कोई मौजूद नहीं था।

चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस दोनों घटनास्थलों पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

न्यूज गैलरी

आष्टा नगर पालिका निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सीहोर, नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय) श्री बालागुरु के. ने मध्यप्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत नगर पालिका परिषद आष्टा के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), आष्टा, को नगर पालिका परिषद आष्टा के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं तहसीलदार आष्टा एवं अतिरिक्त तहसीलदार आष्टा को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा निर्वाचन कार्य को निर्धारित नियमों एवं निर्देशों के अनुसार संपादित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़े आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रतलाम ने बड़वानी को 9-1 से हराया

सीहोर। शहर के आवासीय परिसर के मैदान और चर्च मैदान पर स्व.कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन रतलाम ने बड़वानी को 1-9 और दूसरे मैच में इंदौर ने खरगोन को 6-0 से हराया। प्रतियोगिता के दौरान खेल अधिकारी अताउल्ला खान, भारत लाल शर्मा और अरुण पारे, मनोज कनोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मुकाबला सीहोर-भोपाल और दूसरा मुकाबला नर्मदापुरम-ग्वालियर के मध्य खेला जाएगा।

9 संभागों के 800 प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखाएंगे खेल कौशल, अनुशासन और प्रतिभा का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती, ग्रीको रोमन एवं वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर में किया गया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ संभागों से कुश्ती, ग्रीको रोमन एवं वेटलिफ्टिंग विधाओं के चयनित खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में लगभग 800 प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने खेल कौशल, अनुशासन एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम श्री ब्रजेश सक्सेना ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं संघर्ष करने की भावना विकसित होती है।

शालेय खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे जीत और हार से ऊपर उठकर अपनी श्रेष्ठ क्षमता का प्रदर्शन करें। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी समन्वय और अनुशासन भी विकसित करती हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्ला खान ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा, आवास, भोजन, खेल मैदान तथा प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में खिलाड़ी पदक एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए मैदान में उतरेंगे। कुश्ती एवं ग्रीको रोमन के मुकाबले शासकीय कन्या महाविद्यालय के इंडोर हॉल में तथा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान के हॉल में आयोजित

जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई, 09 प्रकरणों में भारी मात्रा

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि दिनांक 07 सितंबर 2026 को जिला आबकारी बल के सहयोग से वृत्त आष्टा में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 09 प्रकरण कायम कर 80 पाव देशी मदिरा, 07 बोतल विदेशी मदिरा, 12 बोतल बीयर, 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा तथा 108 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। मौके पर 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 02 आरोपी मौके से फरार होने के कारण अज्ञात हैं। सभी प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण विवेचना में लिए गए हैं। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री रिया जैन, आबकारी उपनिरीक्षक श्री [illegible], आबकारी मुख्य आरक्षक श्री ललित गौर एवं जिला आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, बूथ स्तर तक पहुंचेंगे भाजपा कार्यकर्ता

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सुशासन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक बूथ पर सेवा कार्य और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए सोमवार को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक और जिला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया।

भोपाल संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने संगठन के पूर्व कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक सुदेश राय ने कहा कि अभियान के माध्यम से युवा, महिलाएं और समाज के सभी वर्गों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख किया। प्रदेश भाजपा ओबीसी इकाई समिति सदस्य सीताराम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जसपाल सिंह अरोरा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गौशाला कार्रवाई रू 10 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगा संत व सकल हिंदू समाज

डीआर संवाददाता»सीहोर

राम गौशाला एवं श्री महाकाल सेवा आश्रम परिसर में गत 2 सितंबर को हुई कार्रवाई को लेकर संत समाज एवं सकल हिंदू समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 10 सितंबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सीहोर पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संत समाज के मार्गदर्शन में होने वाले इस ज्ञापन कार्यक्रम में संपूर्ण मध्यप्रदेश के महामंडलेश्वर, कथावाचक, धर्माचार्य, पुजारी, मठ-मंदिरों के प्रमुख, साधु एवं हिंदू समाज के प्रतिनिधि एवं सैकड़ों गौसेवक शामिल होंगे।

संतसमाज का आरोप है कि 2 सितंबर को तहसीलदार अमित सिंह के नेतृत्व में श्री राम गौशाला एवं आश्रम परिसर की बाउंड्रीवॉल तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दो अनुसूचित जाति के गौसेवकों के साथ कथित मारपीट किए जाने और उनके गंभीर रूप से घायल होने का आरोप भी सामने आया है। घटना के बाद से संत समाज, मंदिर प्रमुखों एवं सकल हिंदू समाज में नाराजगी बनी हुई है। समाज का कहना है कि गौशाला, मठ और मंदिर केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा, आस्था और सामाजिक संस्कार के केंद्र हैं। ऐसे स्थानों पर की गई कार्रवाई को लेकर प्रशासन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। ज्ञापन में तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोष पाए जाने पर कार्रवाई की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी। इसके साथ ही घायल गौसेवकों को न्याय दिलाने, कथित मारपीट की जांच करने तथा दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग भी की जाएगी। संत समाज की ओर से मांग रखी जाएगी कि गौशाला, आश्रम, मठ-मंदिर एवं धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में उचित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए और भविष्य में ऐसी कार्रवाई से पहले संबंधित पक्ष को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए।

रोड का लोकार्पण

नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 07 सितंबर 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय सीहोर प्रांगण से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया गया। प्रचार वाहनों के माध्यम से जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के जरिए सीहोर के विभिन्न शहरी क्षेत्रों एवं सुदूरवर्ती ग्रामों में नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली विशेष छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक आमजन लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का आपसी समझौते एवं सहमति के आधार पर निराकरण करा सकें। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश श्रीमती स्नेहा सिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश श्री एम.के. वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, अन्य न्यायाधीशगण, विद्युत विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमरान एवं अन्य अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री फारूक अहमद सिद्दीकी, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री अनिल पारे, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा न्यायालयीन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार न्यायालय में लंबित विद्युत अधिनियम के पात्र प्रकरणों में सिविल दायित्व में 20 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सिविल दायित्व में 30 प्रतिशत एवं नियमानुसार संपूर्ण ब्याज की छूट दी जाएगी। यह छूट केवल दिनांक 12 सितंबर 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में समझौता करने पर तथा सिविल दायित्व की राशि 10 लाख रुपये तक के प्रकरणों में लागू होगी।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर गोसेवक और श्रद्धालुओं ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर गौसेवकों, संत कमल किशोर नागर के अनुयायियों सहित श्रद्धालुओं और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह को दिया है। गौ सेवकों ने कहा कि आरोपी ने साथ-साथ आपत्तिजनक अश्लील गालियों के साथ कहा है कि नागर तेरी कथा में घुसे कहीं पर भी गोली मार देंगे। ऐसे आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने और संत कमल किशोर नागर को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि संत पं. कमल किशोर नागर धर्मांतरण एवं गौ- तस्करी जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जनजागरण एवं गौ-संरक्षण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे हैं जिस के द्वारा गुरुदेव के सानिध्य में आकर कई आदिवासी लोग धर्मांतरण नहीं कर रहे हैं और कई लोगों को गुरुदेव ने पुनः हिन्दू धर्म में वापसी कराई है। उक्त पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु को देखते हुए मामला अत्यंत गंभीर एवं सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक प्रतीत होता है। गौसेवकों श्रद्धालुओं भक्तों अनुयाइयों ने प्रशासन से पत्र को गंभीरता से लेते हुए इसकी सूक्ष्म एवं निष्पक्ष जांच करवाकर पत्र भेजने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने की मांग सरकार से की है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 - 2083 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 08 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

नेशनल लोक अदालत को प्रचार रथ रवाना

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत व विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 7 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय सीहोर प्रांगण से प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया गया। प्रचार वाहनों के माध्यम से विज्ञापन, पम्फलेट्स व फ्लेक्स बैनरों के जरिए सीहोर के विभिन्न शहरी क्षेत्रों व सुदूरवर्ती ग्रामों में नेशनल लोक अदालत व विद्युत प्रकरणों में दी जाने वाली विशेष छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक आमजन लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का आपसी समझौते व सहमति के आधार पर निराकरण करा सकें। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एनके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, अन्य न्यायाधीशगण, विद्युत विभाग के महाप्रबंधक पूनम तुमराम व अन्य अधिकारीगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ अखिल पारे, पैनल लायर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा न्यायालयीन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित थे।

फुटबाल स्पर्धा में रतलाम ने बड़वानी को 9-1 से हराया

सीहोर। शहर के आवासीय परिसर के मैदान और नर्मदा मैदान पर स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन रतलाम ने बड़वानी को 1-9 और दूसरे मैच में इंदौर ने खरगोन को 8-0 से हराया। प्रतियोगिता के दौरान खेल अधिकारी अब्दुल्ला खान, भारत लाल शर्मा और अरुणा पारे, मनोज कन्नौजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मुकाबला सीहोर-भोपाल और दूसरा मुकाबला नर्मदापुरम-ग्वालियर के मध्य खेला जाएगा।

शाहगंज में युवा संगम रोजगार मेला 9 सितंबर को

सीहोर। जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेन्टिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार व अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 9 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय शाहगंज में किया जाएगा। मेले में विभिन्न पदों पर 1900 से अधिक पदों के लिए भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक युवक-युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। रोजगार मेले के दौरान जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत युवक-युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

सम्मान किया आष्टा में तिलक, माला व दुपट्टा पहनाकर किया सम्मान, सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिक रहे मौजूद

60 सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर सम्मानित किया

डीआर संवाददाता»आष्टा

मारवाड़ी महिला मंडल समिति आष्टा की ओर से सोमवार को सैनिक रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के 60 सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर सम्मानित किया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला सम्मेलन समिति की प्रांतीय संगठन प्रमुख विजय लक्ष्मी उपाध्याय ने सैनिकों और वरिष्ठ अधिकारियों को तिलक लगाया। इसके बाद माला व दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया और मिठाई खिलाकर रक्षा सूत्र बांधा गया। महिला सदस्यों ने देश की सुरक्षा में सैनिकों के योगदान को नमन करते हुए उनके लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संतोष शर्मा, ब्रिगेडियर आर विजयक (विशिष्ट सेवा मेडल), प्रथम लक्ष्मी विनायक, कैप्टन जगन्नाथ प्रसाद, कैप्टन सरदार सिंह रावत, सूबेदार रणजीत सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति सोनी, कोषाध्यक्ष सरोज खंडेलवाल, सचिव शिखा मुंदड़ा सहित उमा तिवारी, दुर्गा तिवारी, सुनीता एलजपुरिया, ममता मुंदड़ा, रानी सोनी, अनीता माहेश्वरी और अनीता खड़ी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

चाहें तो मैं इसका "अखबार के लिए 2-3 दमदार हेडलाइन और एक छोटा फोटो कैप्शन" भी बना सकता हूं।

महंगाई-किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सुनी शिकायतें

डीआर संवाददाता» आष्टा

सिद्धीकगंज देश में बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों की खस्ता सड़कों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सिद्दीकगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को विशाल पदयात्रा निकाली। दोपहर 12 बजे बस स्टैंड से कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में शुरू हुई पदयात्रा मुर्शीद नगर, टीपू पुरा, कोठिया नाला और बरछेड़ी होते हुए ग्राम खजुरिया कलम पहुंची। रात्रि विश्राम भी खजुरिया में किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं जानीं। पदयात्रा में ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम सेठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश चौहान, रामचरण

विशाल पदयात्रा

देवरिया, आष्टा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भाटी, पूर्व सरपंच शांतिलाल मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, एडवोकेट राजेंद्र देहलवी, हरिराम धानुक, अनूप शर्मा, बलवान चौहान सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

काष्ठागार में वन और वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्यप्रदेश वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सीहोर वन शासकीय डिपो में संपन्न हुआ। शासकीय काष्ठागार में पूरे जिले के वनक्षेत्रपाल एवं वनकर्मचारी उपस्थित हुए। प्रांताध्यक्ष राजपाल सिंह प्रांतीय सचिव मो. इरशाद कुरैशी संभागीय सचिव महताब सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष भोपाल गौतम सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम वंदित सोनारके की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव में सभी वनाधिकारी एवं वन कर्मचारियों द्वारा निर्विरोध रूप से श्यामसुंदर सिंह राजपूत वनरक्षक को मध्यप्रदेश वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव अधिकारी मो. इरशाद कुरैशी द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र दिया गया। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह राजपूत ने वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मेरे द्वारा से धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा तथा निष्पक्ष तरीके से पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करूंगा।

सीहोर में 31 इंच से ज्यादा बारिश, जमोनिया तालाब फुल: औसत के करीब पहुंचा आंकड़ा

डीआरसंवाददाता»सीहोर

जिले में मानसून सीजन के दौरान बारिश का दौर लगातार जारी है। भू-अभिलेख विभाग की 7 सितंबर तक की रिपोर्ट के मुताबिक जिले की सामान्य औसत बारिश 45.21 इंच है। इसके मुकाबले अब तक जिले में 31.13 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह आंकड़ा पिछले साल इसी अवधि यानी 7 सितंबर 2025 तक हुई 36.77 इंच औसत बारिश के करीब पहुंच रहा है। इस बीच नगर के पास स्थित जमोनिया तालाब पूरी तरह भर गया है और वेस्ट वियर से पानी बहने लगा है।

सीहोर में सबसे ज्यादा 4045 इंच बारिश

बारिश के आंकड़ों के मुताबिक सीहोर बारिश मापने वाले केंद्र पर अब तक 40.45 इंच बारिश दर्ज हुई है, जो जिले में सबसे ज्यादा है। यह पिछले साल इसी अवधि में दर्ज 33.34 इंच बारिश से भी अधिक है। रेहटी में 35.04 इंच, भैरूंदा में 34.21 इंच और बुधनी में 31.33 इंच बारिश दर्ज हुई है। इसी तरह श्यामपुर में 29.64 इंच, आष्टा में 30.35 इंच, इछावर में 29.44 इंच और जावर में 23.31 इंच कुल बारिश दर्ज की गई है।

कम दबाव और ट्रफ लाइन से बढ़ी मानसूनी गतिविधि

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और मध्य प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन के सक्रिय होने से जिले सहित मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में मानसून की गतिविधियां तेज हुई हैं। अरब सागर से आ रही नमी वाली हवाएं भी बादलों को लगातार मजबूत कर रही हैं। इसके चलते जिले के कई हिस्सों में रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। अगले 2-3 दिन बादल, हल्की से मध्यम बारिश के आसार मौसम के मुताबिक अगले 2 से 3 दिनों तक जिले में बादल छाए

संत आशाराम बापू आश्रम, इंदौर रोड बोरखेड़ा की ओर से चल रहे योग एवं उच्च संस्कार अभियान

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

संत आशाराम बापू आश्रम, इंदौर रोड बोरखेड़ा की ओर से चल रहे योग एवं उच्च संस्कार अभियान के तहत सोमवार को सीएम शासकीय माध्यमिक विद्यालय, संचल मार्केट, भैरूंदा में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आश्रम संचालक ओमप्रकाश खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को योग, नैतिक मूल्यों और उच्च संस्कारों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि देश का उज्ज्वल भविष्य बच्चों पर निर्भर है। सही मार्गदर्शन की कमी और बदलती जीवनशैली के कारण कई विद्यार्थी नैतिक मूल्यों से दूर हो रहे हैं। ऐसे में योग, संयम, सदाचार और अनुशासित जीवन अपनाकर विद्यार्थी व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, ब्रह्मचर्य, संयम तथा शुद्ध आहार-विहार के साथ अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संयमित जीवन से बुद्धि का विकास होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आत्मबल मजबूत होता है। इससे विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा भी मिलती है।

स्वास्थ्य शिविरः ग्रामीणों-विद्यार्थियों की जांच की

सिद्धिकगंज गादिया स्थित मानसरोवर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से सेवनिया परिहार ग्राम पंचायत के जवाहरबाड़ी स्थित निवित स्कूल में स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रोफेसरों, चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की टीम ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों का

1900 से अधिक पदों पर निजी कंपनियों द्वारा की जाएगी भर्ती

डीआर संवाददाता» सीहोर,

जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 9 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय शाहगंज, जिला सीहोर में किया जाएगा।

रोजगार मेले में शाल्वी आवास, इलाहाबाद इंजीनियरिंग, बंधन बैंक, भारत एग्रो, एमआईआईएचटी, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. भोपाल, एसबीआई क्रेडिट कार्ड, पुष्कल एग्रोटेक लि. भोपाल, मौडन एम्प्लायबिलिटी एकेडमी एवं आईसीआईसीआई बैंक सहित विभिन्न निजी कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, सिविल इंजीनियर, सुपरवाइजर, एचआर, स्टोर इंचार्ज, आईटीआई फिटर, टेली-कॉलर, एसी मैकेनिक, इंग्लिश टीचर एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर सहित विभिन्न पदों पर 1900 से अधिक पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

धार्मिक विनोद कुमार बड़ोदिया जिलाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ की कमान भोलाराम अहिरवार को

रविवार को श्यामपुर में अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ

डीआर संवाददाता»सीहोर

रविवार को श्यामपुर में अहिरवार समाज संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी उपस्थित रहे। अधिवेशन में देश व प्रदेश भर से हजारों की संख्या में अहिरवार समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से विनोद कुमार बड़ोदिया को अहिरवार समाज संघ सीहोर जिले के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं भोलाराम अहिरवार को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वर्षा अहिरवार को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष रवि सोनगरा तथा श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल अहिरवार सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सदस्यगणों की नियुक्तियां भी की गईं।

अधिवेशन में समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं रूढ़िवादी प्रथाओं, विशेषकर मृत्युभोज जैसी प्रथा को समाप्त करने, श्यामपुर में भगवान बुद्ध विहार के निर्माण, समाज को नशामुक्त बनाने, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने तथा बालिकाओं की उच्च शिक्षा एवं संरक्षण को लेकर निर्णायक चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने समाज के विकास और उत्थान को लेकर अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज को संगठित कर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संतोषी अहिरवार, संगठन मंत्री गोपीलाल अहिरवार, प्रदेश प्रवक्ता आर सिंह भारती, वरिष्ठ अहिरवार, नेमदास अहिरवार, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार, डॉ. सुनील चौहान, तुलसीराम अहिरवार, विश्राम सिंह, मनाराम, नर्मदा प्रसाद, रामसिंह, गोविन्द, मुकेश, राहुल, विनोद, राजकुमार, भोजराज, धम्म प्रचारक जगदीश बन्नो, अरविन्द सहित बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजातीय बन्धुओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

11 वाहन चालकों से वसूला 20 हजार रुपए का जुर्माना

डीआर संवाददाता»आष्टा

शहर के प्रमुख चौराहों पर भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीम ने भोपाल नाका, कॉलोनी चौराहा, तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में व्यवस्था देखी। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कुल 11 चालान बनाकर 20 हजार रुपए शुल्क वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों और संकेतों का पालन करने की समझाइश भी दी। पार्वती नदी तट स्थित प्राचीन शंकर मंदिर के पास पुलिस ने वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करवाकर मार्ग व्यवस्था बनाई। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भोपाल से सड़क मार्ग से देवास जाने के दौरान किलेरामा और कन्नौद चौपाटी पर भी विशेष यातायात एवं मार्ग

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ भाद्रपद कृष्ण पक्ष- 12 -2083 विदिशा,दिन मंगलवार,दिनांक,08 सितंबर,2026

न्यूज गैलरी

टीईटी की बाध्यता खत्म करने आज सौंपेंगे ज्ञापन

विदिशा। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर आज मंगलवार को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। शाम 5 बजे सभी तहसीलों में सीएम एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की प्रमुख मांग 31 मार्च 2015 तक नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त करने की है। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के विभागीय अनुभव को देखते हुए शासन को इस बाध्यता में आवश्यक सुधार करना चाहिए। जिला प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने कर्मचारी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

28वें नेत्र जांच शिविर में 50 लोगों की हुई जांच

विदिशा। भारत भारती जैन मंडल द्वारा एएसजी आई हॉस्पिटल, नेत्र निकेतन पीतल मिल चौराहा के सहयोग से 28वें नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 50 लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र निकेतन द्वारा अगस्त माह में भी करीब 70 लोगों की जांच की गई थी। शिविर में डॉक्टर स्वाति जैन एवं डॉक्टर [illegible] माथुर ने मरीजों की आंखों की जांच की। इस अवसर पर नीता सराफ, विद्युत जैन, सपना जैन, संध्या जैन, आरती सिंघई, किरण सिंघई सहित मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक में उठेगा झूठी उम्मीदों का मुद्दा

विदिशा। युवाओं के बीच सोशल मीडिया के जरिए बेची जा रही झूठी उम्मीदों और चमकते वादों को केंद्र में रखते हुए एसएसटीआई कॉलेज के उड़ान ग्रुप और समाधान यूथ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितंबर शाम 4:30 बजे दुर्गानगर चौराहे पर नुक्कड़ नाटक होगा। नाटक का उद्देश्य किसी व्यक्ति या घटना को निशाना बनाना नहीं, बल्कि युवाओं को सोशल मीडिया पर दिखाई जाने वाली आभासी दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच अंतर समझाने के लिए प्रेरित करना है।

आंगनबाड़ी नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी के निर्देश

विदिशा। वर्ष 2026 फेज-1 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग की उप संचालक विनीता लोढ़ा ने जिले की सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को दिए हैं। 3 दिन में समिति की बैठक आयोजित कर आवेदनों एवं मान्य दस्तावेजों का परीक्षण किया

की चेतावनीको मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

टेम नदी मध्यम बांध परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता » लटेरी

टेम नदी मध्यम बांध परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने सोमवार को मुआवजा और पुनर्वास की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीण करीब 20 ट्रैक्टरों की रैली निकालकर बड़ी संख्या में तहसील परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने भूमि, मकान और अन्य परिसंपत्तियों के मुआवजे को चार गुना करने सहित छह प्रमुख मांगें प्रशासन के सामने रखीं। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी भी मौजूद रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना के कारण कई परिवारों को अपनी जमीन और पुश्तैनी मकान छोड़ने पड़ेंगे और उन्हें विस्थापन का सामना करना होगा। ऐसे में प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और बेहतर पुनर्वास सुविधाएं मिलना जरूरी है। ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश शासन की मंत्रिपरिषद के 22 अप्रैल 2026 के निर्णय का हवाला देते हुए टेम बांध परियोजना में नई मुआवजा व्यवस्था का लाभ देने की मांग की।

दो गुना नहीं, चार गुना मुआवजा देने की मांग

प्रभावित ग्रामीणों ने कहा कि जिन परिवारों को भूमि का दो गुना मुआवजा पहले ही मिल चुका है, उनके मुआवजे को बढ़ाकर चार गुना किया जाए। इसके अलावा सभी प्रभावित परिवारों की भूमि, मकान और अन्य परिसंपत्तियों का भी चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना से विस्थापन की स्थिति में परिवारों के सामने आजीविका और पुनर्वास से जुड़ी कई समस्याएं खड़ी होंगी, इसलिए मुआवजा नीति में समान और न्यायपूर्ण व्यवस्था होना चाहिए।

गोरैयापुरा को भी विस्थापन में शामिल करने की मांग

ग्रामीणों ने बैरागढ़ ग्राम के मजरा गोरैयापुरा को भी बैरागढ़ के साथ विस्थापन में शामिल करने की मांग रखी। उनका कहना है कि गोरैयापुरा की बची हुई कृषि भूमि तक पहुंचने के लिए सुगम मार्ग चिन्हित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में प्रस्तावित कॉलोनी तक पहुंचने के लिए पीला खेड़ी, रामपुर और पीपलखेड़ा होते हुए भगवंतपुरा तक मार्ग चिन्हित करने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने इस मार्ग का नक्शा सार्वजनिक करने और प्रस्तावित कॉलोनी को भोपाल जिले की सीमा से लगे गांवों से जोड़ने की मांग भी की। उनका कहना है कि विस्थापित परिवारों के लिए केवल मुआवजा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आवागमन और कृषि भूमि तक पहुंच की स्थायी व्यवस्था भी जरूरी है।

करीब चार घंटे चला प्रदर्शन

ग्रामीण करीब चार घंटे तक तहसील परिसर में प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान अधिकारी एसी कक्ष में चले गए, जबकि ग्रामीण बाहर धरने पर बैठे रहे। करीब दो घंटे बाद एसडीएम अनिल [illegible] ग्रामीणों के बीच पहुंचे। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी जमीन और संपत्तियों के उचित मूल्यांकन तथा पुनर्वास की सुविधाओं को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर जल्द कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई।

5 लाख का 2 हजार लीटर महुला लहान जब्त कंजर टपरों पर 75 पुलिसकर्मियों पहुचे

डीआर संवाददाता » विदिशा

सागर में जहरीली शराब से 22 लोगों की मौत होने के बाद विदिशा पुलिस अवैध शराब के खिलाफ अलर्ट हो गई है। विदिशा जिले में अवैध शराब बनाने, जमा करने और बेचने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में सोमवार सुबह बासौदा देहात थाना क्षेत्र के कंजर टपरा में पुलिस ने बड़े स्तर पर सर्चिंग अभियान चलाया।

शमशाबाद इलाके में भी पुलिस ने दबिश देकर कच्ची शराब और शराब बनाने के लिए छिपाकर रखा महुआ लाहन जब्त किया।

बासौदा देहात थाना क्षेत्र के कंजर टपरा, जेल रोड पर सोमवार सुबह करीब 5:45 बजे 75 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने एक साथ सर्चिंग की। इस कार्रवाई के लिए कई थानों और पुलिस लाइन से पुलिस बल बुलाया गया था।

पुलिस टीम के पहुंचते ही अवैध शराब बनाने वाले आरोपी मौके से भाग गए। सर्चिंग के दौरान पुलिस को अवैध देशी शराब बनाने की दो भट्टियां मिलीं।

मौके से करीब 2 हजार लीटर महुआ लाहन मिला, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने लाहन को मौके पर ही खत्म कर दिया।

इसके अलावा प्लास्टिक के केन और पन्नियों में करीब 70 लीटर अवैध देशी शराब भी मिली। इसकी कीमत 7 हजार रुपए है। पुलिस के मुताबिक, इस कार्रवाई में कुल करीब 5.07 लाख रुपए की अवैध सामग्री मिली और उसे नष्ट किया गया।

शमशाबाद थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। शाहपुरा कॉलोनी में पुलिस को खबर मिली थी कि एक आदमी घर के पीछे अवैध रूप से कच्ची शराब बना रहा है।

सांसद को खोजकर लाने वाले को 35 किलो शक्कर इनाम'

डीआर संवाददाता » विदिशा

नटेरन में कांग्रेस ने सांसद की सक्रियता को लेकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनपद कार्यालय के मुख्य गेट पर 'लापता सांसद' लिखे पोस्टर लगाए। पोस्टर में सांसद को खोजकर लाने वाले को 35 किलो शक्कर इनाम देने की बात लिखी गई है।

कांग्रेस ने सांसद लता वानखेड़े की क्षेत्र में सक्रियता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि किसान और ग्रामीण लंबे समय से कई समस्याओं से परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने अनाज खरीदी में परेशानी, डीएपी और यूरिया की कमी, बढ़ती महंगाई तथा क्षेत्र में बड़े उद्योग नहीं होने जैसे मुद्दे उठाए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और किसानों से जुड़ी समस्याओं से जूझ रही है। जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहें और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर समाधान कराएं।

पोस्टर लगाए जाने के बाद नटेरन में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि, कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों पर सांसद लता वानखेड़े या भाजपा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 223 खिलाड़ियों ने दिखाया दम



विदिशा। जिला खेल स्टेडियम में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंड विदिशा, सिरोंज, गंजबासौदा, कुरवाई, लटेरी, नटेरन और ग्यारसपुर से करीब 223 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों के लिए मुकाबला किया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दौड़, कूद और अन्य एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग-अलग स्पर्धाओं में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह नजर आया और उन्होंने बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरा जोर लगाया।

माध्यमिक खेल शिक्षक पंकज भार्गव ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 11 और 12 अगस्त को होने वाली संभाग स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता को व्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में खेल शिक्षकों और निर्णायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रेफरी के रूप में विजय शर्मा, गोपाल कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण, बालमुकुंद कुशवाहा, राखी यादव, जयदेव मालवी और रूपेश अहिरवार ने जिम्मेदारी संभाली। समापन अवसर पर सर्वेश व्यास, अंकेश सोनी, कृष्ण शंकर पंथी, पंकज भार्गव सहित अन्य अधिकारी और खेल शिक्षक मौजूद रहे। अतिथियों ने चयनित खिलाड़ियों को संभाग स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

वेतन कटौती से नाराज पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन, काम बंद करने की चेतावनी

डीआर संवाददाता » गंजबासौदा

मध्य प्रदेश पटवारी संघ की बासौदा इकाई ने सोमवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने "जुलाई और अगस्त का वेतन काटे जाने" पर नाराजगी जताते हुए इसे वापस दिलाने की मांग की।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि पटवारी दिन-रात शासन की विभिन्न योजनाओं और सरकारी कार्यों को पूरा कर रहे हैं। उनके प्रयासों से विदिशा जिला फार्मर आईडी बनाने में प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। वहीं बासौदा तहसील में भी पिछले तीन सप्ताह से सबसे अधिक फार्मर आईडी बनाई जा रही हैं। पटवारियों का आरोप है कि इसी अनुपात की दूसरी तहसील में हड़ताल या अन्य कारणों के बावजूद वेतन नहीं काटा गया, जबकि बासौदा के पटवारियों का दो महीने का वेतन काट लिया गया। संघ ने वर्तमान में पदस्थ कानूनगो को हटाने की मांग भी की। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि "जुलाई-अगस्त का कटा हुआ वेतन वापस नहीं मिलने तक सभी सरकारी कार्यों का बहिष्कार" किया जाएगा।

खिरिया बागड़ी गांव में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 लीटर कच्ची शराब जब्त कर मौके पर नष्ट कर दी

डीआर संवाददाता » सिरोंज

कुरवाई पुलिस ने सोमवार को खिरिया बागड़ी गांव में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 लीटर कच्ची शराब जब्त कर मौके पर नष्ट कर दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने की तैयारी कर रहा है। छापे के दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पकड़ लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के ठिकाने के पास बनी शराब की भट्टी को भी तोड़ दिया। इसके अलावा करीब 2 लाख रुपए कीमत का महुआ लहान नष्ट किया गया। आरोपी की पहचान खिरिया बागड़ी निवासी गोरेलाल बागड़ी (36) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह, टीआई केके मिश्रा सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

वहीं, आबकारी अधिकारी दुष्यंत ठाकुर के कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद नहीं होने को लेकर सवाल उठे हैं। ठाकुर के पास सिरोंज और कुरवाई दोनों का प्रभार है।

10 महीने बाद आया 49 हजार का बिजली बिल, कार्यालय में हंगामा

डीआर संवाददाता » विदिशा

साई फार्चून कॉलोनी में उपभोक्ता राजकुमार मीणा के घर अचानक 49 हजार 300 रुपए का बिजली बिल पहुंच गया। बिल की राशि देखकर वे साथियों के साथ बिजली कंपनी के जोन-2 कार्यालय पहुंचे और राहत की मांग की। इस दौरान कर्मचारियों से कहासुनी और नारेबाजी भी हुई।

एई शरद महोबिया के अनुसार, करीब 10 महीने पहले घर में स्मार्ट मीटर लगाया गया था, लेकिन यह सिस्टम में अपडेट नहीं हो पाया। इसके कारण नियमित बिल जनरेट नहीं हुआ और बाद में 10 महीने की खपत का बिल एक साथ आया।

जांच और समायोजन के बाद बिल की राशि करीब 45 हजार रुपए हुई। उपभोक्ता के एकमुश्त भुगतान में असमर्थता जताने पर कंपनी ने 5 से 6 किस्तों में भुगतान की सुविधा दी है। अभद्र व्यवहार के आरोप पर एई ने कहा कि बातचीत के दौरान गलतफहमी हुई थी, लेकिन बाद में मामला शांत हो गया।

नंदमहोत्सव

31 साल पुरानी परंपरा: यूपी-मप्र की 25 टीमें दिखाएंगी मटकी फोड़ने का हुनर

नंदमहोत्सव: फिर कृष्णमय होगा शहर, करमेढ़ी के 70 मुस्लिम लहंगी से देंगे सद्भावना का संदेश

लीलाओं पर आधारित झांकियां और विभिन्न दलों की प्रस्तुतियां आकर्षक बनाएंगी।

डीआर संवाददाता » विदिशा

ढोल-नगाड़ों की गूंज, कृष्ण भक्ति से सराबोर भजन, आकर्षक झांकियां और मटकी फोड़ने को आतुर गोविंदा दल।

शहर में आज नंद महोत्सव का नजारा कुछ ऐसा ही होगा। तीन दशक से अधिक पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मटकी फोड़न चल समारोह निकाला जाएगा।

खास बात यह है कि यह आयोजन केवल भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल भी बनेगा। चल समारोह में मध्यप्रदेश के अलावा उत्तरप्रदेश तथा रायसेन, सागर और भोपाल से करीब 25 टीमें मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल होंगी। गोवर्धनधारी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित धार्मिक झांकियां और विभिन्न दलों की प्रस्तुतियां समारोह को आकर्षक बनाएंगी। भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों से शहर का माहौल कृष्णमय होगा। आयोजन का सबसे अनूठा पक्ष करमेढ़ी गांव से मुस्लिम समाज के करीब 70 लोगों की टीम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना है। इस आयोजन की सबसे बड़ी पहचान है।

सहभागिता होगी। ये समाजजन लहंगी खेलकर चल समारोह में शामिल होंगे और धार्मिक आयोजन के बीच आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देंगे। वर्षों से चली आ रही यह सहभागिता महोत्सव को सामाजिक समरसता का पर्व बनाती आ रही है।

1996-97 में रखी थी नींव, 5 लाख होंगे खर्च, 30

विदिशा शहर में नंद महोत्सव की यह परंपरा वर्ष 1996-97 में शुरू की गई थी। बल्लू महाराज, रवि साहू, नारायण सिंह कुशवाह, ब्रजेश दांगी, अनुभव कटारे और तरुण दांगी के प्रयासों से शुरू हुई थी। तीन दशक बाद भी आयोजन निरंतर जारी है। इस वर्ष मटकी फोड़न चल समारोह की अध्यक्षता रवि साहू करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। धार्मिक आस्था के साथ प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना ही इस आयोजन की सबसे बड़ी पहचान है। समारोह को भव्य स्वरूप देने के लिए करीब पांच लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। करीब 30 नृत्यांगनाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगी, जबकि महिला मंडली भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय वातावरण बनाएगी।

पेट्रोल में पानी मिलने के आरोप पर शक्ति पेट्रोल पंप पर हंगामा

डीआर संवाददाता » विदिशा



शहर के हॉस्पिटल रोड स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति पेट्रोल पंप पर रविवार रात पेट्रोल की गुणवत्ता को लेकर हंगामा हो गया। एक युवक ने आरोप लगाया कि पेट्रोल भरवाने के कुछ देर बाद उसकी बाइक बंद हो गई। जांच करने पर पेट्रोल में पानी मिला हुआ दिखाई दिया। शिकायत लेकर पंप पहुंचने पर कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं देने का आरोप है।

उपभोक्ता के अनुसार उसने 100 रुपए का पेट्रोल भरवाया था और करीब 2 किलोमीटर चलने के बाद सब्जी मंडी के पास बाइक बंद हो गई। पेट्रोल की जांच करने पर पानी मिला होने का दावा किया गया। शिकायत पर कर्मचारी ने पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने से इनकार किया। उपभोक्ता ने भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाया, जिसके बाद क्यूआर कोड को लेकर भी विवाद हुआ।

इसी दौरान कुछ अन्य उपभोक्ताओं ने भी पेट्रोल में पानी मिलने की शिकायत की। इसके बाद लोग हंगामा करने लगे और पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की।

सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया और जांच का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने खाद्य विभाग में शिकायत करने की बात कही। देर रात तक विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

न्यूज गैलरी

कल से शुरू होगा अध्यात्म का महापर्व

सारंगपुर। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा जैन समाज का अध्यात्म और आत्मसंयम का महापर्व पर्युषण पर्व 8 सितंबर से शुरू होगा। पर्व का समापन 15 सितंबर को महापर्व संवत्सरी के रूप में होगा। इस दिन समाजजन एक-दूसरे से क्षमापना करते हुए मिच्छामि दुक्कडम कहेंगे। 16 सितंबर को तपस्वियों के पारणे के साथ पर्व का समापन होगा। पर्युषण के दौरान समाजजन इंद्रियों पर संयम रखते हुए व्रत, उपवास, स्वाध्याय और ध्यान के माध्यम से आत्मशुद्धि का प्रयास करते हैं। शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में प्रतिदिन सुबह राई प्रतिक्रमण, 7 बजे अभिषेक, स्नात्र महोत्सव और प्रवचन व शास्त्र वाचन होगा। शाम देवसी प्रतिक्रमण, रात प्रभु आरती और भक्ति एवं ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

बारिश की झड़ी से तरबतर हुआ इलाका

पढ़ाना। नगर सहित आसपास के क्षेत्र में तीन दिन से आसमान से राहत की झड़ी लगी हुई है। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश से इलाका तरबतर हो गया। शुक्रवार को 36.01 मिमी, शनिवार को 80 मिमी और इसके बाद 19.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही सारंगपुर तहसील में अब तक कुल 971.2 मिमी यानी 38.8 4 इंच बारिश हो चुकी है। बारिश के साथ घने बादल और ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। शनिवार को करीब 20 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और हवा में नमी 90 प्रतिशत रही। अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 23 डिग्री दर्ज हुआ। लगातार बारिश से खरीफ फसलों, खासकर सोयाबीन, को बड़ी राहत मिली है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं।

भैरव राक्षस का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

पढ़ाना। बसखेड़ी गांव में चल रही बाबा रामदेव की कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक रामचरण गुर्जर, राजस्थान ने बाबा रामदेव के जीवन से जुड़े धार्मिक एवं प्रेरक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने पांच पीरों की परीक्षा, बाबा रामदेव के चमत्कार और भैरव राक्षस से जुड़े प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाए। कथा वाचक ने कहा कि बाबा रामदेव लोक कल्याण और मानव सेवा के लिए समर्पित रहे। उनके जीवन प्रसंगों में भक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है। धार्मिक प्रसंगों के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और कथा स्थल बाबा रामदेव के जयकारों से गूंज उठे।

आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप

सोनोग्राफी रिपोर्ट आने के बाद भयभीत हुई महिला, थाने में दिया आवेदन

डीआर संवाददाता ≫ खुजनेर

शहर में पचोर रोड स्थित आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पर महिला की गलत सोनोग्राफी करने और रिपोर्ट देकर भ्रमित करने और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक चौड़ापुरा निवासी 27 वर्षीय अनिता वर्मा ने इस संबंध में थाना खुजनेर में आवेदन देकर आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने बताया कि 27 अगस्त को पेट दर्द होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर लेकर आए थे। जहां डॉक्टर शीला सिंह को दिखाया था। डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने का बोला और पर्चा लिखा था। जब खुजनेर में आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पचोर रोड स्थित खुजनेर पहुंच कर वहां पहली सोनोग्राफी जांच कराई थी। जिसके बाद वहां रिपोर्ट डॉक्टर शीला सिंह को बताई तो डॉक्टर ने बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने का बोला तो मैं और मेरे परिजन सुन रह गए। परिवार की चिंता बढ़ गई। जांच रिपोर्ट के बाद मानसिक रूप से परेशान हुए परिजनों ने राजगढ़ जिला अस्पताल में भी सोनोग्राफी दिखाई तो वहां भी बच्चेदानी ऑपरेशन का बोला।

झालावाड़ राजस्थान पहुंच कर कराई जांच आई सामान्य

वही परिजन पीड़िता को झालावाड़ के संजीवनी निजी अस्पताल में लेकर गए और आदर्श डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच रिपोर्ट बताई तो वहां डॉक्टर द्वारा भी बच्चेदानी का ऑपरेशन बताया। लेकिन डॉक्टर को जांच रिपोर्ट पर कुछ शंका होने पर झालावाड़ में दूसरी सोनोग्राफी जांच कराई तो वहां सामान्य जांच रिपोर्ट आई। लेकिन जब मैं परिजनों द्वारा तीसरी जांच जीरापुर के एक निजी सोनोग्राफी सेंटर पर कराई गई तो वो भी सामान्य जांच रिपोर्ट आई। अब दो जगहों पर सोनोग्राफी जांच सामान्य आई तो फिर पहली जांच गलत है। महिला का आरोप है कि गलत रिपोर्ट के कारण उन्हें अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ी और डॉक्टरों से परामर्श लेने के साथ मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। महिला ने पुलिस को आवेदन के साथ संबंधित जांच रिपोर्ट और आधार कार्ड की छायाप्रति पुलिस थाने में दी। पुलिस से आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर की जांच कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य मरीज के स्वास्थ्य के साथ इस तरह की परेशानी नहीं हो।

गर्भवती महिलाओं को एक ही सोनोग्राफी सेंटर पर भेजा जाता है जांच के लिए

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि गर्भवती महिलाओं को बार-बार शहर के एक ही निजी सोनोग्राफी सेंटर पर जांच के लिए भेजा जाता है। सूत्रों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एएनएम द्वारा निजी फोन पर गर्भवती महिलाओं का डाटा लिए जाने और उन्हें संबंधित सोनोग्राफी सेंटर पर जांच कराने के लिए भेजे जाने के आरोप आमजन द्वारा लगाए गए हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की कई बार सोनोग्राफी कराई जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर भी गर्भवती महिलाओं को इसी सोनोग्राफी सेंटर पर जांच के लिए भेजा जाता है। बार-बार सोनोग्राफी कराने से मरीजों पर भी आर्थिक भार पड़ता है।

सेंटर संचालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे

आरोप है कि बिना चिकित्सक के नाम से आदर्श सोनोग्राफी सेंटर संचालित बताया जा रहा है उनकी सेंटर पर नियमित मौजूदगी नहीं रहती। ऐसे में सोनोग्राफी जांच वास्तव में किसकी निगरानी में की जा रही है और रिपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया क्या है। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

कार्रवाई की जाएगी

मामले को हम दिखवाते हैं। अगर गलत रिपोर्ट या भ्रमित करने का मामला होगा तो सोनोग्राफी सेंटर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर

रेन बसेरा शुरू नहीं होने पर ली जानकारी, बाउंड्रीवॉल और सीमांकन के निर्देश

डीआर संवाददाता ≫ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने सोमवार शाम जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व संघ पदाधिकारियों के साथ उन्होंने आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, कैजुअल्टी, एक्स-रे सहित विभिन्न वार्डों का जायजा लिया। ओटी, उन्होंने मरीजों को मिल रही सुविधाओं और लाभार्थियों की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ बिना परेशानी दिलाने के निर्देश दिए। सोनी ने जनऔषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया और कम कीमत पर उपलब्ध दवाओं की व्यवस्था पर संतोष जताया। इसके बाद निर्माणाधीन रेन बसेरा देखा।

सिविल सर्जन ने अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से आधुनिक सुविधाओं का पूरा लाभ मरीजों को नहीं मिल पाने की बात रखी। सोनी ने इस संबंध में प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर का सीमांकन कराने और सुरक्षा के लिए चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनवाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है राजगढ़ में मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल भवन की स्वीकृति में सोनी की भूमिका मानी जाती है। इस मौके पर संघ पदाधिकारी संदीप सोनी, प्रवीण सिंह पंवार, आरएमओ डा अमित कोली, डा इरफान खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। भवन तैयार होने के बावजूद शुरुआत नहीं होने पर उन्होंने जानकारी ली। सिविल सर्जन ने

लक्ष्मीपुरा गांव में रविवार को 15 साल की किशोरी का शव घर के अंदर फंदे पर मिला

डीआर संवाददाता ≫ अशोकनगर।

जिले के लक्ष्मीपुरा गांव में रविवार को 15 साल की किशोरी का शव घर के अंदर फंदे पर मिला। घटना के समय उसके परिजन खेत पर काम करने गए हुए थे। किशोरी के छोटे भाई-बहनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और ग्रामीणों को सूचना दी।

घर का दरवाजा अंदर से बंद था

लक्ष्मीपुरा निवासी लक्ष्मी अहिरवार (15) का शव घर के अंदर मिला। घटना के समय घर का दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ समय बाद छोटे भाई-बहनों ने लक्ष्मी को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी।

डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। किशोरी को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्रा पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोपालजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, 56 व्यंजनों का भोग

डीआर संवाददाता ≫ खिलचीपुर।

खिलचीपुर के सराफा बाजार स्थित श्री गोपालजी मंदिर में रविवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान श्री गोपालजी को 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया। शाम को श्रद्धालुओं ने 56 भोग के दर्शन किए और आरती में शामिल हुए।

आयोजन के लिए मंदिर सहित पूरे सराफा बाजार को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। पूर्व ऊर्जा मंत्री व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और समाजजनों से मुलाकात की।

साहजी की बगीची में सकल राजपूत समाज की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। वहीं मंदिर के पास भजन संध्या में गायक कान्हा गुरु ने कृष्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

विद्यार्थियों ने शिक्षकों को गिफ्ट दिए

राजगढ़। झाड़मऊ हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश दांगी सहित प्रणय खुजनेर, ', बालचंद वर्मा, रघुवीर सिंह चुंडावत, संतोष रघुवंशी, महेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम, प्रदीप गौतम सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

नदी सफाई को लेकर स्टार बना बिट्टू तबाही, देश-विदेश में छाया, सीएम ने किया सम्मान

डीआर संवाददाता ≫ ब्यावरा

अजनार नदी की सफाई कर ब्यावरा के 20 वर्षीय छात्र सुरेंद्र सिंह चौधरी उर्फ बिट्टू तबाही को सोशल मीडिया का स्टार बना गया। जनवरी से अजनार नदी की सफाई में जुटे बिट्टू ने सफाई के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। देखते ही देखते उनके वीडियो देश ही नहीं, विदेशों में भी वायरल हो गए। चार दिन पहले मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने भोपाल बुलाकर बिट्टू को सम्मानित किया। इसके बाद उनके फालोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। बिट्टू के काम की उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी सराहना की। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन सहित मोटिवेशनल स्पीकर, फाइनेंस एजुकेटर और यूट्यूबर अजय सिन्हा ने भी उनके काम की तारीफ की है। इसके साथ ही देश और विदेश में लगातार सेलेब्रिटी द्वारा बिट्टू के काम की सराहना की जा रही है। इतना ही नहीं, नीदरलैंड से बिट्टू को नौकरी का ऑफर भी मिला है।

सोशल मीडिया पर उनके सफाई अभियान के वीडियो लगातार ट्रेंड कर रहे हैं जनवरी से शुरू किया सफाई अभियान, घाटों पर भी पहुंचा बिट्टू ने पढ़ाई के साथ अजनार नदी की सफाई का काम शुरू किया। उन्होंने अंजनीलाल मंदिर के पीछे रामेश्वर घाट, किले घाट और गंगा मंदिर घाट सहित नदी के कई हिस्सों में सफाई की। रोजाना दो-तीन घंटे नदी की सफाई करने के बाद वे इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालते रहे।

सीएमओ का दावा-बिट्टू ने नहीं की सफाई, बहा कचरा

एक तरफ बिट्टू सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेंड कर रहे हैं और उनके फालोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है, वहीं नपा सीएमओ इकबाल अहमद का कहना है कि अकेले बिट्टू ने अजनार नदी की सफाई नहीं की है। इस अभियान में अजनार नदी बचाओ समिति, नपा और अन्य संगठनों का भी योगदान है। उनका कहना है कि बिट्टू ने अंजनीलाल मंदिर के पास रामेश्वर घाट की सफाई कर वीडियो बनाए हैं। किले वाले घाट पर नपा और अजनार नदी बचाओ समिति ने सफाई की है।

नाहरदा परिसर में सोमवार शाम घरेलू स्वच्छ सिलेंडर से इको कार में गैस भरते समय अचानक आग लगी

डीआर संवाददाता ≫ राजगढ़।

खिलचीपुर के नाहरदा परिसर में सोमवार शाम घरेलू स्वच्छ सिलेंडर से इको कार में गैस भरते समय अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी कार जलकर खाक हो गई। घटना विश्वकर्मा मंदिर के बाहर की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ युवक बाइक से घरेलू गैस सिलेंडर लेकर पहुंचे थे और इको कार में गैस भर रहे थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई। लपटें उठते ही युवक मौके पर बाइक छोड़कर भाग गए। आग की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

आग बुझाने के बाद कार के अंदर रेगुलेटर लगा घरेलू स्वच्छ सिलेंडर और गैस भरने की जली हुई मोटर मिली। पुलिस ने जली हुई इको कार के साथ मौके पर छोड़ी गई सिल्वर रंग की बजाज प्लेटिना बाइक भी जब्त की है। बाइक पर आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

पुलिस अब यह पता लगा रही है कि कार में स्वच्छ गैस कौन भर रहा था और घरेलू सिलेंडर से गैस भरने की व्यवस्था किसने की थी। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने वीडियो भी बनाए।

एकादशी

श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर नाचते गाते मंदिर पहुंचे

एकादशी पर खाटूश्याम मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़, 51 किलो फूलों से हुआ बाबा का श्रृंगार

डीआर संवाददाता ≫ ब्यावरा

शहर के एबी रोड स्थित बाबा खाटूश्याम मंदिर पर सोमवार को अजा एकादशी के चलते श्री खाटू श्याम दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। मंगला आरती के साथ शुरू हुआ बाबा खाटू श्याम के दर्शन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। मंदिर समिति के मुताबिक, एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी। मंदिर परिसर और आसपास के रास्तों पर दिनभर भक्तों की भीड़ दिखी। इस दौरान जय श्री श्याम और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारे गूंजते रहे।

सनातन धर्म में अजा एकादशी का खास महत्व सनातन धर्म में यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु व अपने आराध्य देव की पूजा करते हैं। वे परिवार की सुख-समृद्धि, संतान के अच्छे भविष्य और अपनी इच्छाएं पूरी होने की कामना करते हैं। इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में भक्त बाबा खाटू श्याम के दरबार में पहुंचे।

एकादशी के मौके पर बाबा खाटू श्याम का खास श्रृंगार किया गया। मंदिर को सुंदर फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। मंदिर समिति ने बताया कि उज्जैन से लाए गए करीब 51 किलो ताजे फूलों से बाबा का श्रृंगार और मंदिर का दरबार सजाया गया। फूलों की इस सजावट के बीच बाबा का दिव्य रूप भक्तों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। अजा एकादशी पर ब्यावरा शहर के अलग-अलग इलाकों और आसपास के गांवों से निशान यात्राएं भी निकाली गईं। भक्त हाथों में निशान लेकर ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर नाचते-गाते मंदिर पहुंचे।

पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्था: भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति के साथ पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयं सेवकों ने व्यवस्थाएं संभाली। दर्शन के लिए लाइन लगाने, भीड़ को काबू करने और ट्रैफिक को सही रखने के लिए खास इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास की मुख्य जगहों पर पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात रहे। दिनभर भक्ति भरे माहौल में भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर अजा एकादशी का पुण्य कमाया।

धर्मशाला पर कब्जे के विरोध में एसडीएम कार्यालय पहुंचे समाजजन

डीआर संवाददाता ≫ राजगढ़।

माली धर्मशाला परिसर में कथित अतिक्रमण के विरोध में सोमवार को फूलमाली समाज के सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे। समाजजनों ने एसडीएम गोविंद दुबे को ज्ञापन सौंपकर धर्मशाला परिसर से अवैध कब्जा हटाने और संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

फूलमाली समाज के जिलाध्यक्ष बनवारी पुष्पद ने बताया कि इंदौर नाका क्षेत्र में एसडीएम निवास के पास माली धर्मशाला और हनुमान मंदिर स्थित है। समाज का दावा है कि धर्मशाला नगर पालिका के रिकॉर्ड में दर्ज है और समाज द्वारा नियमित रूप से टैक्स भी जमा किया जाता है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 5 सितंबर की रात मंदिर के पास दीवार बनाकर कब्जा किया गया। समाज ने मामले की जांच कराने और अतिक्रमण पाए जाने पर उसे हटाने की मांग की। इस दौरान समाजजनों ने कार्यालय पहुंचने से पहले विरोध में नारे भी लगाए। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से कुछ देर गहमागहमी रही।

पुलिस की तत्परता से मिला 1.75 लाख से भरा बैग, किया सम्मान

मलावर। मलावर निवासी सोनू सुमन पिछले कई वर्षों से इंदौर में रहकर व्यवसाय कर रहे हैं। जन्माष्टमी के दिन वे किसी काम से भोपाल जा रहे थे। रायसेन में गाड़ी से उतरते समय उनका बैग वहीं छूट गया। बैग में 1.75 लाख रुपए नकद, सोने के सामान और जरूरी दस्तावेज रखे थे। बैग में मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों के आधार पर एक अज्ञात व्यक्ति ने मलावर थाना प्रभारी रजनीश